राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ.7 (13) भर्ती 'ख' / HCT/ Med. &Health / 2021–22 / 166 दिनांक : 13.06.2024

प्रेस–विज्ञप्ति

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, **हॉस्पिटल केयर टेकर** भर्ती वर्ष 2021–22 के पदों हेतु दिनांक 11.10.2023 को विचारित सूची एवं 07.05.2024 को जारी अतिरिक्त विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाये जाने के कारण दिनांक 12.06.2024 को जारी अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित 41(26 Non TSP & 15 TSP) अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 19.06.2024 को संपादित की जावेगी। विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवदेन पत्र(दो प्रतियों में), काउन्सलिंग लैटर, ऑनलाईन आवेदन की प्रति, विस्तृत आवेदन पत्र हेतु ऑनलाईन शुल्क की रसीद सहित आवेदन पत्र की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणक, जाति, मूल–निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित कार्यक्रमानुसार **राजस्थान लोक सेवा आयोग, घूघरा घाटी, अजमेर कार्यालय में अनिवार्य रूप से निर्धारित दिनांक 19.06.2024 को प्रातः 9.30 बजे व्यक्तिशः काउंसलिंग हेत** उपस्थित होंवे। काउन्सलिंग हेतु अभ्यर्थियों को पृथक से कोई बुलावा पत्र जारी नहीं किये जायेंगें।

काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव